# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 20.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना कपिलवस्तु के चौकी बजहा पर सीमा सुरक्षा बल, IB, LIU, सर्विलान्स सेल, आपरेशन कवच टीम की उपस्थिति में "ऑपरेशन कवच" (एण्टीस्मगलिंग ड्राइव टीम रोस्टर) के तहत ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन ,पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व मयंक द्विवेदी ,क्षेत्राधिकारी सदर सिद्धार्थनगर के निकट परवेक्षण में थाना कपिलवस्तु के चौकी बजहा पर " ऑपरेशन कवच" (एण्टीस्मगलिंग ड्राइवटीम रोस्टर) के तहत ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनके सुझावों को नोट किया गया । समितियों से अपराध एवं अपराधियों के संबंध में सूचनाएं साझा करने का आग्रह किया गया, ताकि क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। थानाध्यक्ष कपिलवस्तु द्वारा चौकी प्रभारी उ0नि0 अमला यादव को निर्देशित किया गया कि ग्राम सुरक्षा समिति में अच्छी छवि वाले नए सदस्यों को शामिल किया जाए, ताकि समिति की कार्यक्षमता और प्रभावशीलता में वृद्धि हो । थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस जनता के सहयोग से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और अपराधमुक्त वातावरण स्थापित करने के लिए कटिबद्ध है। जनता से अपील है कि वे पुलिस के साथ यथा सम्भव सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस स्टेशन या चौकी बजहा को दें। गोष्ठी के दौरान थानाध्यक्ष बृजेश सिंह, एसएसबी के निरीक्षक नीरज कुमार शर्मा मय टीम, इन्टेलीजेन्स ब्युरो नीरज मीना, चौकी प्रभारी बजहा उ0नि0 अमला यादव, कवच सेल प्रभारी उ0नि0 रामकुमार यादव मय टीम, सर्विलांस सेल एवं एलआईयू के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**प्रेस नोट दिनांक 20.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆ थाना मोहाना पुलिस द्वारा एसएसबी के साथ भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में, मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 20.07.2025 को थाना मोहाना पुलिस व एसएसबी के द्वारा आपरेशन कवच के तहत भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

# प्रेस नोट दिनांक 20.07.2025  जनपद सिद्धार्थनगर

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में चलाये जा रहे परिवार परामर्श केंद्र /नई-किरण (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम) के तहत 10 जोड़ों के मध्य सुलह समझौता कराकर उनके टूटते परिवारों को बिखरने से बचाया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में, मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 20.07.2025 को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 13 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें परामर्श के बाद 10 पत्रावली का सफल निस्तारण कर, 10 परिवारों को बिखरने से बचाया गया व 03 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है। 10 परिवार को बिखरने से बचाने में भाग्यवती पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक महिला थाना, काउंसलिंग टीम में उ0नि0 राम नारायन शुक्ला, म0हे0का सत्या त्रिपाठी, महिला आरक्षी प्रियंवदा सिंह, महिला आरक्षी संगीता गौतम महिला आरक्षी शिवानी सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।**

**निस्तारित पत्रावली का विवरण निम्न हैं-**

**01.हसबुननिशा शाह पत्नी अमीर निवासी पगार थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.रीमा पत्नी सुनील कुमार निवासी थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03.गायत्री पत्नी महेंद्र निवासी मौचारी थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।**

**04.किरण पत्नी प्रभाकर निवासी इंदिरा नगर थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।**

**05.रेखा पत्नी दुर्गेश निवासी जनिया जोत थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**06.राजीदा खातून पत्नी आशिक अली निवासी खान कोट थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**07.मंजुलिका पत्नी पंकज निवासी महुआ थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**08.मंजू पत्नी अशोक निवासी निवासी महुई नानकर थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**09.आसमा पत्नी सलमान शकील निवासी मोहना जोत थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।**

**10.बंदना यादव पत्नी राहुल निवासी परसा थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

# प्रेस नोट दिनांक 20.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा आत्महत्या के दुष्प्रेरण के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक कुमार महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा “अपराध की रोकथाम एंव अपराधियों की गिरफ्तारी” के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व प्रसान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में व हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना उसका बाजार  के नेतृत्व मे आज दिनांक 20.07.2025 को थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 130/25 धारा 108/351(3) बीएनएस व 3(2)5 एससी एसटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त को चौबहे पुल के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.अमरनाथ उर्फ विक्कु यादव  पुत्र दीपनरायन यादव निवासी अजगरा थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 अशोक कुमार पाल थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

02.का0 पन्नेलाल थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 20.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा अपहरण के आरोपी 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।**

**डॉ0 अभिषेक कुमार महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अपराध की रोकथाम एंव अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में व निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना उसका बाजार के नेतृत्व मे आज दिनांक 20.07.2025 को थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 110/25 धारा 137(2),87 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त को हाइडिल तिराहा थाना सिद्धार्थनगर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया ।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता -**

**01.चन्द्रभान पुत्र बनारसी निवासी दैजौली थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण-**

**01.उ0नि0 उपेन्द्र कुमार राव थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.उ0नि0 नागेन्द्र प्रताप गौड़ थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03.म0का0 प्रिया सिंह थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

# प्रेस नोट दिनांक 20.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆यातायात पुलिस द्वारा श्रावण मास मे कावड़ यात्रा के दृष्टिगत रुट डायवर्जन, बैरियर चेकिंग ड्यूटी मे लगे कर्मचारियो की ब्रीफिंग एवं सड़को के किनारे अवैध अतिक्रमण हटवाने व दो पहिया पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाना, गलत दिशा मे वाहन चलाना, चार पहिया वाहनों मे सीटबेल्ट का प्रयोग न करना आदि के बिरुद्ध कार्यवाही की गयी**

**आज दिनांक 20.07.2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर डॉ० अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन के क्रम मे,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी यातायात अरुणकांत सिंह के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात अमरेश कुमार मय टीम द्वारा श्रावण मास के दृष्टिगत रुट डायवर्जन/बैरियर चेकिंग ड्यूटी पुलिस बूथ/माधव तिराहा(थाना-बाँसी), लोहरौली बॉर्डर(थाना-शिवनगर डिड़ई), बेवा तिराहा (थाना डुमरियागंज) मे लगे सभी अधि०/कर्मचारीगण को ड्यूटी के संबंध मे ब्रीफ करते हुए उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त आदेश-निर्देश से अवगत कराया गया एवं प्रत्येक दशा मे वाहन चालकों से सहयोगात्मक एवं विनम्रतापूर्वक व्यवहार करने हेतु प्रेरित किया गया |माधव तिराहा, बाँसी/बाँसी मार्किट,लोहरौली बॉर्डर ,डिडई, बेवा तिराहा आदि स्थानों पर पी० ए० सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा बाँसी कस्बे मे अवैध अतिक्रमण हटवाया गया साथ ही सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े बड़े वाहनों को जिनसे दुर्घटना की प्रबल संभावना/जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी उनका** M. V. Act **के तहत चालान कर हटवाया गया तथा दो पहिया वाहन पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाने तथा चार वाहनों मे सीटबेल्ट का प्रयोग न करना,गलत दिशा मे वाहन चलाने वालो का चालान करने समेत कुल 47 वाहनों का चालान करते हुए ₹ 59500 रूपये शमन शुल्क की कार्यवाही करते हुए प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके ।**

**प्रेस नोट- दिनांक 20.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना मोहाना पुलिस व एसएसबी के साथ थाना मोहाना के ककरहवां भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त किया गया ।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 20.07.2025 को मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा आपरेशन कवच के तहत थाना मोहाना पुलिस व एसएसबी के साथ थाना मोहाना के ककरहवां भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया और एसएसबी के साथ भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध में वार्ता की गयी ।**

**प्रेस नोट दिनांक 20.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा श्रावण मास व जनपद में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त /चेकिंग की गयी ।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 20.07.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा श्रावण मास/ कॉवड़ यात्रा व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के पर पैदल गश्त/संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों की चेकिंग की गयी। आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया ।**